अपने परिवार के लिए स्वस्थ रहें। आपके परिवार को आपकी ज़रूरत है।

कैंसर की जानकारी और सहायता के लिए **13 11 20** पर फ़ोन करें, या **cancervic.org.au** पर जाएँ

अधिक जानकारी के लिए

यदि आप किसी से अपनी भाषा में बात करना चाहते/चाहती हैं, तो कृपया **13 14 50** पर फ़ोन करें और कैंसर काउंसिल विक्टोरिया **(Cancer Council Victoria)** से बात कराने के लिए कहें।

आपके अपॉइंटमेंट

☐ **आँतों की जाँच के लिए अपने डॉक्टर से बात करें**

या यह पता लगाने के लिए कि आपको होम स्क्रीनिंग टेस्ट कब प्राप्त होगा, 'नेशनल बाउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम' (National Bowel Cancer Screening Program) को **1800 627 701** पर फ़ोन करें

तारीख़: _____

स्थान: _____

☐ **अपनी स्तन की स्क्रीनिंग के लिए बुक करें**

Breastscreen.org.au पर जाएँ या **13 20 50** पर फ़ोन करें

तारीख़: _____

स्थान: _____

☐ **अपना गर्भाशयग्रीवा (Cervical) का स्क्रीनिंग टेस्ट बुक करें**

Cancervic.org.au/ CervicalDirectory पर स्क्रीनिंग टेस्ट प्रदाता का पता लगाएँ या गर्भाशयग्रीवा की स्क्रीनिंग के बारे में अधिक जानने के लिए **Cancer Council** को **13 11 20** पर फ़ोन करें

तारीख़: _____

स्थान: _____

AP1707-4/2021

Be screened. Live Longer: Hindi | हिन्दी

Cancer Council

स्क्रीनिंग करवाएँ। लम्बे समय तक जिएँ।

50 साल की आयु से आपको कैंसर होने का ख़तरा बढ़ जाता है

स्क्रीनिंग से आपको कैंसर का जल्दी पता लगाने या इसे रोकने में मदद मिलती है।

> आँत का कैंसर
> स्तन का कैंसर
> गर्भाशयग्रीवा का कैंसर

आँत की स्क्रीनिंग

यदि आपकी आयु 50-74 की है, तो आपको नि:शुल्क होम स्क्रीनिंग टेस्ट का उपयोग करके हर दो साल में आँत के कैंसर की जाँच करवानी चाहिए।

इस जाँच से यह देखा जाता है कि आपके मल (poo) में रक्त तो नहीं है, जिसे हो सकता है कि हम ना देख पाएँ और यह आँत में कैंसर के होने का संकेत हो सकता है। टेस्ट आप घर पर ही कर सकते/सकती हैं।

टेस्ट उन पुरुषों और महिलाओं के लिए है जिनमें कोई संकेत या लक्षण नहीं हैं और आँत के कैंसर का कोई महत्वपूर्ण पारिवारिक इतिहास नहीं है।

'नेशनल बाउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम' (National Bowel Cancer Screening Program) के हिस्से के रूप में हर दो साल में 50-74 वर्ष की आयु के लोगों को नि:शुल्क होम स्क्रीनिंग टेस्ट डाक से भेजे जाते हैं।

राष्ट्रीय कार्यक्रम के माध्यम से नि:शुल्क।

यदि जल्दी पता चल जाए तो 10 में से 9 से अधिक लोगों के आँत के कैंसर का सफलतापूर्वक इलाज किया जा सकता है।

स्तन की स्क्रीनिंग

अगर आपकी आयु 50-74 है, तो आपको हर दो साल में स्तन की स्क्रीनिंग करवानी चाहिए।

स्तन की स्क्रीनिंग (एक्स-रे) आपके स्तनों में कैंसर का पता लगाती है।

स्तन की स्क्रीनिंग महिला रेडियोग्राफ़र द्वारा गोपनीय तौर पर की जाती है और इसे करने में केवल कुछ मिनट लगते हैं। आप अपने किसी मित्र या परिवार के सदस्य को अपने साथ ले जा सकती हैं यदि इससे आप अधिक सहज महसूस करती हैं।

स्तन की स्क्रीनिंग उन महिलाओं के लिए है, जिनमें स्तन के कैंसर का कोई संकेत या लक्षण नहीं है और उनका स्तन या डिम्बाशय (ovary) के कैंसर का कोई महत्वपूर्ण पारिवारिक इतिहास नहीं है।

ब्रेस्टस्क्रीन विक्टोरिया (BreastScreen Victoria) के माध्यम से नि:शुल्क।

जितनी जल्दी स्तन के कैंसर का पता चलता है, सफल उपचार की संभावना उतनी ही अधिक होती है।

गर्भाशयग्रीवा की स्क्रीनिंग

यदि आपकी आयु 25-74 की है और आप कभी भी यौन संबंधी क्रिया में सक्रिय रही हैं, तो आपको हर पाँच साल में गर्भाशयग्रीवा का स्क्रीनिंग टेस्ट करवाना चाहिए।

एचपीवी (HPV) के टीके या माहवारी बंद होने (menopause मैनोपॉज़) के बाद भी आपको गर्भाशयग्रीवा का स्क्रीनिंग टेस्ट करवाने की ज़रूरत है।

गर्भाशयग्रीवा का स्क्रीनिंग टेस्ट HPV के होने की जाँच करते हैं जिसका यदि इलाज न किया जाए तो समय के साथ गर्भाशयग्रीवा के कैंसर के रूप में विकसित हो सकता है।

डॉक्टर या नर्स गर्भाशयग्रीवा का स्क्रीनिंग टेस्ट प्रदान कर सकते हैं।

गर्भाशयग्रीवा का स्क्रीनिंग टेस्ट उन महिलाओं के लिए है जिनमें गर्भाशयग्रीवा के कैंसर के कोई संकेत या लक्षण नहीं हैं।

कुछ क्लीनिक गर्भाशयग्रीवा की स्क्रीनिंग नि:शुल्क करते हैं। अपना अपॉइंटमेंट बुक करते समय शुल्क के बारे में मालूम कर लें।



गर्भाशयग्रीवा की स्क्रीनिंग आपका जीवन बचा सकती है।